दैनिक

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष


Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732

वर्ष: 01 | अंक : 226 | जयपुर | 1 अप्रैल 2023 | शनिवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ : 04



## जयपुर में तेज बारिश, अलवर और बीकानेर में गिरे ओले

जयपुर. राजस्थान में मौसम बिगड़ने का दौर लगातार जारी है। जयपुर में शुक्रवार दोपहर बाद बारिश हुई। अलवर और बीकानेर में ओले गिरे। जयपुर में बरसात से तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश में आंधी के साथ बारिश के आसार जताए हैं। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया अगले 24 घंटे में राजस्थान में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से जयपुर, सीकर, अलवर, नागौर, झुंझुनूं, चूरू, भरतपुर, बीकानेर, धौलपुर, करौली, बूंदी, कोटा, बारां, जोधपुर में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की आशंका है। तेज हवा के साथ बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। जयपुर संभाग में कुछ जगहों पर ओले गिरने की भी आशंका है। शर्मा ने बताया राजस्थान के मौसम शनिवार से एक बार फिर बदलेगा। इसके बाद 1 और 2 अप्रैल को मौसम साफ रहेगा। 3 अप्रैल को फिर से नए सिस्टम के सक्रिय होने से राजस्थान में आंधी के साथ बरसात होने की संभावना है। 4 अप्रैल से मौसम फिर साफ हो जाएगा। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू होगा। राजस्थान में 24 घंटों में हुई बारिश के बाद जोधपुर में न्यूनतम तापमान में 6.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। वहीं, पिलानी में 4.3 डिग्री, सीकर में 2.4 डिग्री, अलवर में 3.1 डिग्री, भीलवाड़ा में 5 डिग्री, अजमेर में 3.7 डिग्री, उदयपुर में 3.9 डिग्री, बाड़मेर में 4.7 डिग्री, बीकानेर में 4.2 डिग्री, चूरू में 4.5 डिग्री और श्रीगंगानगर में 3.1 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। प्रदेश में न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में शुक्रवार को जमकर ओलावृष्टि हुई। खेतों में सफेद चादर बिछ गई, जिससे फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। श्रीडूंगरगढ़ के पुदंलसर, सालासर, दुसारणा की रोही में ओले खेतों में फसल पर गिरे।



## इंदौर मंदिर हादसे में 36 लोगों की मौतें

इंदौर. इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर हादसे में 36 लोगों की जान चली गई। 20 से ज्यादा लोगों का अभी इलाज चल रहा है। मामले में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सेवाराम गलानी और सचिव मुरली सबनानी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। इंदौर नगर निगम प्रशासन ने लापरवाही बरतने वाले भवन अधिकारी परसराम अरोलिया और बिल्डिंग इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इसके आदेश दिए। मंदिर को भी सील कर दिया गया है। गुरुवार देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। रात 12 से 1.30 बजे के बीच 16 शव और निकाले गए। शुक्रवार सुबह रेस्क्यू दोबारा शुरू किया गया। मंदिर की दीवार और बावड़ी की स्लैब तोड़ी गई। आर्मी और प्रशासन की कई टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रहीं। 53 वर्षीय सुनील नाम के शख्स का शव शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। घटनास्थल के पास एक धर्मशाला में पटेल समाज के लोग इकट्?ठा हुए थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार सुबह उनसे मिलने पहुंचे। यहां भीड़ ने हाय-हाय और मुदार्बाद के नारे लगाए। हादसे में पटेल समाज के 11 लोगों की मौतें हुई है। समाज के पदाधिकारियों ने कहा जिन लोगों के यहां मौत हुई है, उनके परिवार से सीएम को मिलना चाहिए था। अफसरों ने पहले बताया गया था कि मुख्यमंत्री परिवार से मिलेंगे और उनकी पीड़ा जानेंगे। बाद में कार्यक्रम कैंसिल कर दिया गया। इधर, रीजनल श्मशान पार्क में शुक्रवार को एक साथ कई चिताएं जलीं। करीब 60 साल पुराने मंदिर में गुरुवार को रामनवमी पर यहां पूजा की जा रही थी। 11 बजे हवन शुरू हुआ था। मंदिर परिसर के अंदर बावड़ी की गर्डर फर्शी से बनी छत पर 60 से ज्यादा लोग बैठे थे। दोपहर करीब सवा बारह बजे स्लैब भरभराकर गिर गया। सभी लोग 60 फीट गहरी बावड़ी में जा गिरे। मरने वालों में 21 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। इनमें 3 बच्चे और एक बच्ची है।

## नवजोत सिद्धू आज जेल से रिहा होंगे

अमृतसर. पंजाब कांग्रेस के पूर्व चीफ नवजोत सिंह सिद्धू 1 अप्रैल को रिहा होंगे। सिद्धू के ट्विटर पेज पर शुक्रवार को इसकी जानकारी दी गई। ट्वीट में लिखा है कि वरिष्ठ अधिकारियों ने रिहाई की सूचना दी है। सजा के दौरान कोई छुट ?टी न लेने का नवजोत सिंह सिद्धू को यह बेनिफिट मिल रहा है। उन्हें रोडरेज केस में 19 मई 2022 को एक साल कैद की सजा सुनाई गई थी। सिद्धू 20 मई 2022 को जेल गए थे। सिद्धू की सजा 19 मई को पूरी हो रही है, लेकिन छुट्टियों के चलते उन्हें पहले ही रिहा कर दिया जाएगा। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एनडीपीएस और संगीन जुर्मों के अलावा एक महीने में सौंपे गए काम और कैदियों के आचरण के आधार पर 4 से 5 दिन की छूट दी जाती है। इसके अलावा कुछ सरकारी छुट्टियों का फायदा भी कैदी को मिलता है। नवजोत सिंह सिद्धू ने पूरी सजा के दौरान एक बार भी छुट्टी नहीं मांगी।





जयपुर में शुक्रवार को भी तेज बारिश हुई। बारिश के बाद बने इन्द्रधनुष ने लोगों का ध्यान खींचा। शाम को जवाहर सर्किल पर आकाश में छाए काले बादल और धूप के बीच बने सतरंगी इन्द्रधनुष ने लोगों का मन मोहा। **फोटो मुकेश शर्मा**

# भागवत-मोदी हिंदू राष्ट्र की बात करते हैं, इसलिए अमृतपाल में हिम्मत आई:अशोक गहलोत

भरतपुर. सीएम अशोक गहलोत शुक्रवार को भरतपुर दौरे पर थे। यहां पुलिस परेड ग्राउंड में बने सेफ हाउस में संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सभा में उन्होंने पीएम मोदी समेत भागवत और योगी पर जमकर निशाना साधा। बोले भागवत और पीएम हिंदू राष्ट्र की बात करते हैं, इसलिए अमृतपाल में बोलने की हिम्मत आई है। इतना ही नहीं, उन्होंने भरी सभा में आगामी चुनाव को लेकर लोगों का मन टटोलने की भी कोशिश की। कहा चुनाव आ रहे हैं, देखते हैं, आपकी क्या भावना रहती है। सीएम अशोक गहलोत कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटसरा के साथ दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर परेड ग्राउंड में पहुंचे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री विश्ववेंद्र सिंह, मंत्री भजन लाल जाटव, प्रभारी मंत्री रमेश मीणा, मंत्री जाहिदा खान,




मंत्री सुभाष गर्ग, विधायक जोगिंदर सिंह अवाना, बयाना विधायक अमर सिंह सहित कई विधायक भी मौजूद रहे। सीएम ने संबोधित करते हुए कहा पंजाब में कोई नया आदमी आ गया है...अमृतपाल। वह कह रहा है कि अगर मोहन भागवत और नरेंद्र मोदी हिंदू राष्ट्र की बात करते हैं तो मैं खालिस्तान की बात क्यों नहीं करूं? उसकी हिम्मत देखिये आप। उसकी हिम्मत इसलिए हुई है, आप हिंदू राष्ट्र की बात कैसे कर सकते हो? आज धर्म के नाम पर लोगों को खुश करना आसान काम होता है। बिल्डिंग बनाने में समय लगता है और गिराना हो तो बुलडोजर भेज दो, जैसी योगी भेज रहे हैं। आप सोच सकते हैं, तोड़ सकते हैं, लेकिन जोड़ना मुश्किल काम होता है। इसलिए अमृतपाल की हिम्मत हो गई बोलने की। इंदिरा गांधी ने खालिस्तान नहीं बनने दिया।

**देखते हैं आप लोगों की क्या भावना रहती है...**

सीएम अशोक गहलोत ने कहा कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को संकट की घड़ी में कांग्रेस के साथ रहना चाहिए। हर किसी की राहुल गांधी और कांग्रेस के साथ रहने की भावना होनी चाहिए। आपने मुझे तीन बार मुख्यमंत्री बनाया गया। चुनाव आ रहे हैं, देखते हैं आप लोगों की क्या भावना रहती है। राजनीति में जातिवाद, धर्म के ऊपर राजनीति हो रही है, सभी को साथ लेकर चलेंगे तो देश एक रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी जातियां मेरे साथ नहीं होतीं तो सोनियां गांधी मुझे सीएम क्यों बनाती? मैंने कभी मांग नहीं की कि मुझे मुख्यमंत्री बनाओ। मुझे 36 कौम का आशीर्वाद नहीं मिलता तो मैं सीएम क्यों बनता? सीएम ने बताया कि कोरोना में जिन बच्चों के मां,बाप खत्म हुए हैं, उन बच्चों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा लंपी में मरने वाले पशुपालकों को मरने वाली गाय के एवज में 40 हजार रुपए दिए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि हम सभी को इकठ्ठा होकर बीजेपी के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी, ये देश को बांटना चाहते हैं। जातियों को बांटने में लगे हुए हैं। हमें 1947 वाले जज्बात लाने होंगे, चोर को चोर कहना चाहिए या नहीं, यह तीनों चोर हैं। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सरकार ने सबसे ज्यादा मंत्री भरतपुर से बनाए हैं, क्योंकि एक सीट छोड़कर सभी सीटें कांग्रेस ने जीती हैं। जो बीजेपी की सीट हैं, उस पर भी खुद की विधायक ने सवाल उठाए हैं, इसलिए कह सकते हैं कि यह भाजपा मुक्त संभाग है। वहीं, कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कांग्रेस से अगर कार्यकर्ता खुश नहीं होते तो इतनी संख्या में लोग यहां नहीं आते। बीजेपी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। स्टेट के बजट को रोकने का काम किया जा रहा है। लंदन में भी राहुल गांधी ने कुछ गलत नहीं बोला, लोकसभा में उन्हें बोलने नहीं दिया गया। अब बीजेपी कहती है कि उन पर मुकदमा करेंगे। किसी की मां ने दूध पिलाया है तो वह मुकदमा करके दिखाए।'

# आज से फ्री बिजली, 500 रुपए में सिलेंडर

जयपुर. 1 अप्रैल यानी नए फाइनेंशियल ईयर की शुरूआत और इसी के साथ आपके जीवन में बहुत कुछ बदलने वाला है। कई सुविधाओं के लिए ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा तो फ्री बिजली से लेकर किराया तक में आपको छूट मिलने वाली है। कल से गैस सिलेंडर सस्ता मिलेगा, बिजली के बिल अब किसान और आम उपभोक्ताओं दोनों को थोड़े राहत देने वाले हैं। इसके साथ ही सरकार की कई योजनाएं भी 1 अप्रैल से लागू हो जाएगी। प्रदेश के 11 लाख किसानों को 2000 यूनिट महीने तक फ्री बिजली मिलनी शुरू हो जाएगी। किसान को रोज 66 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी। फ्री बिजली का फायदा कृषि कनेक्शन पर मिलेगा। इसी तरह आम बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट महीने तक फ्री बिजली मिलेगी। सीएम अशोक गहलोत ने इस साल के बजट में किसानों को 2000 यूनिट हर महीने तक किसानों और आम उपभोक्ताओं को फ्री देने की घोषणा की थी। उज्ज्वला योजना वाले परिवारों को कल से 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा। हर महीने री-फिलिंग के केवल 500 रुपए देने होंगे बाकी पैसा राज्य सरकार भरेगी। सीएम ने राहुल गांधी की यात्रा में मालाखेड़ा की सभा में इसकी घोषणा की थी। इसके बाद बजट में इसकी घोषणा की थी। इसे एक अप्रैल से लागू किया जाएगा। राजस्थान में रोडवेज की बसों में आधा





किराया ही देना पड़ेगा। महिलाओं को रोडवेज किराए में छूट 30 से बढ़ाकर 50 फीसदी करने की बजट घोषणा आज रात 12 बजे बाद से ही लागू हो जाएगी। राजस्थान की सीमा में रोडवेज की बसों में यह छूट मिलेगी। यह छूट रोडवेज की लोकल और एक्सप्रेस बसों में मिलेगी, लेकिन वॉल्वो-स्केनिया बसों में ये सुविधा नहीं मिलेगी।

**चिरंजीवी योजना में 25 लाख तक इलाज**

चिरंजीवी योजना में 1 अप्रैल से 25 लाख तक का इलाज करवा सकेंगे। अब तक 10 लाख रुपए तक का इलाज करवा सकते थे। 1 अप्रैल से इसकी लिमिट 25 लाख तक हो जाएगी। चिरंजीवी योजना में शामिल परिवारों का एक्सीडेंट बीमा भी कल से 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख हो जाएगा। प्रदेश में 1 अप्रैल से सामाजिक सुरक्षा पेंशन कम से कम 1000 रुपए मिलेगी। कल से पेंशन बढ़ जाएगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन 15 फीसदी अपने आप बढ़ेगी। दलित से इंटर कास्ट मैरिज करने पर अब सरकार से मिलने वाला प्रोत्साहन पैकेज 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए हो जाएगा। दिव्यांग से शादी करने पर भी अब 5 लाख रुपए का प्रोत्साहन पैकेज मिलेगा। पालनहार योजना में शामिल 6.50 लाख अनाथ बच्चों को एक अप्रैल से हर महीने बढ़ा हुआ पैसा मिलेगा। 6 साल तक के बच्चों को हर महीने मिलने वाला पैसा 500 से बढ़ाकर 750 रुपए होगा। 7 साल से 18 साल के बच्चों को 1000 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए हर महीने मिलेंगे। यह बढ़ा हुआ पैसा 1 अप्रैल से लागू होगा।

**रिटायरमेंट पर 3 लाख तक मिलेंगे**

सरकार में पार्ट टाइम काम कर रहे कर्मचारियों के रिटायर होने पर अब 2 से 3 लाख रुपए का रिटायरमेंट पैकेज मिलेगा। इसमें होमगार्ड, सरकार में ठे-के के रेक्सको कर्मचारी और पार्ट टाइम वाले दो लाख से ज्यादा कर्मचारियों को इसका फायदा मिलेगा।

### हाईकोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल पर पच्चीस हजार रुपए जुर्माना लगाया

# पीएम मोदी की डिग्री की डिटेल देने का आदेश रद्द

अहमदाबाद. गुजरात हाईकोर्ट के सिंगल जज जस्टिस बीरेन वैष्णव ने चीफ इनफॉर्मेशन कमिश्नर के 2016 में दिए गए आदेश को रद्द कर दिया। इस आदेश में पीएमओ के जन सूचना अधिकारी और गुजरात यूनिवर्सिटी और दिल्ली यूनिवर्सिटी के पीआईओ को मोदी की ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री की डिटेल पेश करने के निर्देश दिए गए थे। कोर्ट ने इस मामले में आप नेता और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर पच्चीस हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया, जिन्होंने पीएम के डिग्री सर्टिफिकेट्स की डिटेल मांगी थी। केजरीवाल ने अप्रैल 2016 में केंद्रीय सूचना आयोग को एक लेटर लिखकर पीएम मोदी की शैक्षिक योग्यता से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की थी। उन्होंने लेटर में लिखा कि इस मुद्दे पर किसी भी तरह के भ्रम को दूर करने के लिए डिग्री को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इसके बाद सीआईसी ने गुजरात यूनिवर्सिटी से मोदी की एमए डिग्री के बारे में केजरीवाल को जानकारी मुहैया कराने को कहा



गया था। सीआईसी के इस आदेश को यूनिवर्सिटी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट में यूनिवर्सिटी की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए थे। उन्होंने कोर्ट में कहा था कि केवल इसलिए कि कोई सार्वजनिक पद पर है, उसकी निजी जानकारी नहीं मांगी जानी चाहिए। लोकतंत्र में इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि पद पर आसीन व्यक्ति डॉक्टर है या अनपढ़। मोदी की डिग्री पहले से पब्लिक डोमेन में है, लेकिन डिग्री के लिए किसी तीसरे व्यक्ति को खुलासा करने के लिए आरटीआई के तहत जानकारी देने की कोई बाध्यता नहीं है। यूनिवर्सिटी को डिग्रियों का खुलासा करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है, खासकर तब जब यह कोई जनहित का मामला न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी अनुचित मांग को पूरा करने के लिए कोई सूचना नहीं दी जा सकती है। मेहता ने कहा कि मांगी गई जानकारी का प्रधानमंत्री के काम से कोई लेना-देना नहीं है।

## आबकारी प्रहराधिकारी 6000 रूपए रिश्वत लेते पकड़ा

उदयपुर. सलूम्बर में आबकारी थाना प्रहराधिकारी राजेन्द्र प्रसाद जाटव को शुक्रवार को एसीबी डूंगरपुर की टीम ने 6 हजार रूपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राजेन्द्र ने यह राशि लाइसेंसशुदा शराब की दुकान से तीन माह की बंधी के रूप में लिए थे। पकड़ा गया आरोपी शराब की दुकानों पर बंधी देने के लिए लगातार दबाव बनाता था, बंधी नहीं पहुंचाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए डराता-धमकाता था। एसीबी डूंगरपुर के डीएसपी हैरम्ब जोशी ने बताया कि यह राशि उसने प्रतिमाह 2000 रूपए के हिसाब से जनवरी 2023 से मार्च 2023 तक त्रैमासिक बंधी के रूप में मांगी थी। मामले में राजेन्द्र के आवास सहित अन्य ठिकानों की भी जांच की जा रही है। 57 वर्षीय आरोपी राजेन्द्र प्रसाद जाटव मूलतय दौसा जिले की महुवा तहसील में सलेमपुर गांव का रहने वाला है। वर्तमान में उदयपुर के सलूम्बर में आबकारी विभाग में प्रहराधिकारी के पद पर कार्यरत है। राजेन्द्र के खिलाफ परिवादी किशनलाल पूर्बिया निवासी सलूम्बर ने एसीबी डूंगरपुर को शिकायत की थी कि उसकी पुत्री किनल पूर्बिया के नाम से सलूम्बर में देशी शराब की लाइसेंसशुदा दुकान है। शिकायत में बताया कि राजेन्द्र बंधी देने के लिए उन्हें अक्सर तंग करता। उसने 6 हजार रूपए त्रैमासिक रिश्वत अपने दलाल होमगार्ड प्रवीण सिंह को सौंपने के लिए कहा था। शुक्रवार को प्रवीण कार्यालय में मौजूद नहीं था तो प्रहराधिकारी राजेन्द्र ने यह राशि परिवादी से सलूम्बर आबकारी कार्यालय में ली। जिस पर वह रंगे हाथों एसीबी टीम के हत्थे चढ़ गया।



## सम्पादकीय

यह सफलता हमें अनायास ही नहीं मिली है। इसके लिए हमने अथक प्रयास किए हैं। जैसे कि वर्ष 2018-19 में हमने मिलेट को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) से जोड़ा और पोषक इसके उपमिशन के रूप में देश के 212 जिलों में लागू किया।मिलेट्स यानि मोटा अनाज हमारे स्वास्थ्य, खेतों की मिट्टी, पर्यावरण और आर्थिक समृद्धि में कितना योगदान कर सकता है, इसे इटली के रोम में खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्यालय में मोटे अनाजों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष (आईवाईओएम) के शुभारंभ समारोह के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के इस संदेश से समझा जा सकता हैः-

हमारी जमीन और हमारी थाली में विविधता होनी चाहिए। अगर खेती इकहरी फसल वाली हो जाए, तो इसका बुरा असर हमारे और हमारी जमीन के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। मोटे अनाज हमारी खेती और हमारे भोजन की विविधता बढ़ाते हैं। 'मोटे अनाजों के प्रति सजगता बढ़ाना' इस आंदोलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लोग और संस्थाएं, दोनों ही बड़ा प्रभाव छोड़ सकते हैं। संस्थाओं के प्रयास से मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सकता है और समुचित नीतियां अपनाकर इनकी फसल को फायदेमंद बनाया जा सकता है। दूसरी ओर, लोग भी स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए मोटे अनाजों को अपने आहार में शामिल करके इस पृथ्वी के अनुकूल विकल्प चुन सकते हैं। मुझे विश्वास है कि 2023 में मोटे अनाजों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष का यह आयोजन सुरक्षित, टिकाऊ और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक जन आंदोलन को जन्म देगा।ह्यपिछले कुछ सालों से, लोगों में अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता बढ़ी है, लेकिन खासकर कोरोना के बाद से यह चेतना चिंता में बदल गई है। लोगों ने महसूस किया है कि अगर खानपान और जीवनशैली में बदलाव नहीं लाया गया, तो इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। यही वजह है कि ज्वार, रागी, कोदो, सामा, बाजरा, सांवा, कुट्ठ, जैसे अनेक मोटे

# भारत ने पूरी दुनिया को मोटे अनाजों को अपनाने के लिए प्रेरित कर चमत्कार कर दिया है

अनाज की पूरी दुनिया में डिमांड बढ़ी है।

**2018 में मनाया गया राष्ट्रीय मिलेट वर्ष**

लेकिन भारत ने तो इस चेतना की अलख काफी पहले से ही जगानी शुरू कर दी है। 2014 में जब केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार सत्ता में आई, तभी से इस दिशा में प्रयास किये जाने लगे थे। इन्हीं प्रयासों का नतीजा था वर्ष 2018 को सरकार द्वारा ह्यराष्ट्रीय मिलेट वर्षह्ल घोषित किया गया। ऐसा करने का उद्देश्य लोगों में मिलेट के उपयोग को बढ़ावा देना, इनके उत्पादन को प्रोत्साहित करना और इनकी मांग बढ़ाना था। इसके काफी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मिलेट के वैश्विक उत्पादन में 18 प्रतिशत भागीदारी के साथ भारत आज विश्व का सबसे बड़ा मिलेट उत्पादक देश बन चुका है और प्रति हेक्टेयर उत्पादकता की दृष्टि से भी दुनिया के मिलेट उत्पादक देशों में दूसरे स्थान पर आ चुका है।

### बढ़ रहा है उत्पादन और उत्पादकता

वर्तमान में विश्व के लगभग एक सौ तीस देशों में मिलेट उगाये जा रहे हैं और एशिया व अफ्रीका महाद्वीप में रहने वाले लगभग साठ करोड़ लोगों के नियमित भोजन का हिस्सा बने हुए हैं। उत्पादन और उत्पादकता के 2016 से 2021 के आंकड़ों पर नजर डालें, तो हम पायेंगे कि विश्व के पांच सबसे बड़े पोषक अनाज (मिलेट) उत्पादक देशों में भारत के अलावा नाइजर, सूडान, नाइजीरिया और माली जैसे देश शामिल हैं। इनमें भारत में 142.93 लाख हेक्टेयर जमीन पर इनकी खेती होती है और पांच सालों में औसतन 156.12 लाख टन मिलेट का उत्पादन हुआ, जबकि दूसरे स्थान पर रहे नाइजर में 107.16 हेक्टेयर भूमि पर सिर्फ 56.39 लाख टन उत्पादन रहा। पूरे विश्व में मिलेट उत्पादन का औसत 890.92 लाख टन है, जिसमें 156.12 लाख टन से ज्यादा भारत में उपजा है। उत्पादकता (किलोग्राम प्रति हेक्टेयर) की दृष्टि से सिर्फ नाइजीरिया ही भारत से आगे है, वह भी बहुत कम। नाइजीरिया में यह उत्पादकता 1103 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है, और भारत में 1092 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर। वैश्विक उत्पादकता 1211 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर के यह काफी करीब है।इस सबका श्रेय जाता है, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की दूरदर्शितापूर्ण नीतियों और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति को, जो मिलेट को हमारी रसोईयों में और हमारी प्राथमिकताओं में उसकी खोई जगह वापस दिलाने के लिए कटिबद्ध है। वह जगह, जो पचास साल पहले तक मोटे अनाजों के लिए सुरक्षित हुआ करती थी।

**प्राचीन है भारत में मोटे अनाजों की परंपरा**

सच तो यह है कि मोटे अनाज हजारों साल से हमारे पारंपरिक भोजन का हिस्सा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सोनहत के मेंड्रा में सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह, 21 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में सविप्रा उपाध्यक्ष कमरो और कलेक्टर ने वर वधू को दिया आशीर्वाद



**मरुधर विशेष, करन सोनी**

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज सोनहत विकासखंड के मेंड्रा में हसदेव उद्गम स्थल स्थित मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इसमें एक दिव्यांग जोड़ा भी शामिल रहा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री गुलाब कमरो, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों ने शामिल होकर वर-वधु को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया।इस दौरान एसडीएम सोनहत श्री अमित सिन्हा, सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी शशि जयसवाल अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वितबाला श्रीवास्तवइस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सविप्रा उपाध्यक्ष श्री कमरो एवं कलेक्टर श्री लंगेह ने कार्यक्रम में बारी-बारी से सभी विवाहित जोड़े के पास जाकर आशीर्वाद एवं उपहार भेंट की तथा उनके मंगलमय जीवन की शुभाकामनाएं दी। उन्होने कहा कि शासन द्वारा इस योजना के तहत पहले 25 हजार रुपये की सहयोग राशि का प्रावधान था जिसे बढ़ाकर अभी 50 हजार कर दिया गया है। इससे निश्चित ही निर्धन परिवारों को अधिक मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निरंतर आमजन की सुविधा और बेहतर जीवन के लिए कल्याणकारी निर्णय लिए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री लंगेह ने भी नये दामपत्य जोड़ों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत प्रति जोड़े 25 हजार रूपए का प्रावधान है।जिसमें 5 हजार रूपए भोजन एवं व्यवस्था, प्रोत्साहन हेतु चेक राशि 1 हजार रूपए चेक के माध्यम से एवं शेष राशि की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह शासन की एक ऐसी योजना है जो निर्धन परिवारों के लिए बहुत ही सहयोगी है। इससे गरीब परिवारों के बच्चों की शादी पूरे सामाजिक रीति रिवाज के साथ संपन्न होने के साथ ही उन्हे आर्थिक राशि एवं सामग्री दी जाती है। बजट 2023-24 के अंतर्गत योजना के तहत 25 हजार रुपए की राशि को बढ़ाकर 50 हजार रुपए का प्रावधान किया गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

कोरिया/ कलेक्टर सह समुचित प्राधिकारी पीसी-पीएनडीटी एक्ट विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज कलेक्टरेट सभाकक्ष में पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरएस सेंगर, डीपीएम एनएचएम डॉ प्रिंस जायसवाल, लीगल एक्सपर्ट श्री ध्रुव कश्यप सहित जिला सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में समस्त पंजीकृत कियाशील सोनोग्राफी केन्द्रों की समीक्षा, निरीक्षण किये गये समस्त पंजीकृत केन्द्रों की निरीक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा, शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों एवं क्लिनिक के नवीन पंजीयन एवं लाईसेंस हेतु निरीक्षण प्रतिवेदन, सहित विभिन्न विषयों एवं वर्तमान जिला सलाहकार समिति के सदस्यों में नियमानुसार परिवर्तन के संबंध में चर्चा की गई।कलेक्टर लंगेह ने बैठक में कहा कि आम जन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता है। यह एक बेहद महत्वपूर्ण अधिनियम है। उन्होंने जिला स्तरीय टीम को हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेन्टरों के नियमित निरीक्षण कर पीसी-पीएनडीटी एक्ट के शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने निर्देशित किया।पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट, 1994 झ्र पूर्व-गभार्धान और पूर्व-प्रसव निदान तकनीक अधिनियम क्या है झ्रगर्भधारण से पहले या बाद में, लिंग चयन के निषेध के लिए और आनुवंशिक असामान्यताओं या मेटाबोली संबंधी विकारों या क्रोमोसोमल असामान्यताओं या कुछ जन्मजात विकृतियों का पता लगाने के प्रयोजनों के लिए प्रसव पूर्व निदान तकनीकों के विनियमन के लिए एक अधिनियम है। लिंग अवधारण के लिए ऐसी तकनीकों के, जिनके कारण स्त्री लिंगी भ्रूण वध हो सकता है, दुरुपयोग के निवारण तथा उससे जुड़े या प्रासंगिक मामलों के लिए यह अधिनियम बनाया गया है।



## स्वास्थ मंत्री ने ली मेडिकल कॉलेज की अहम बैठक, इन मुद्दों पर की विशेष चर्चा

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

अंबिकापुर। प्रदेश के स्वास्थ मन्त्री ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के मेडिकल बोर्ड की अहम बैठक ली, जिसमें स्वास्थ मन्त्री के साथ अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के डीन और मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमएस सहित अन्य अधिकारी फिजिकल रूप से शामिल हुए, जबकि स्वास्थ सचिव ऑनलाइन जुड़े।कोरोना काल के बाद करीब 2 साल बाद इस महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कई वित्तीय मामलों की स्वीकृति दी गई।स्वास्थ मंत्री ने कहा कि लंबे समय से मेडीकल कालेज के निर्माण चल रहा है। ऐसे में जल्द ही अस्पताल नए भवन में कैसे शिफ्ट हो इसे लेकर कार्रवाई तेज की जाएगी। इसके लिए निर्देश दिए गए है। अंबिकापुर मेडिकल कालेज में कई काम वित्तीय स्वीकृति के कारण भी लंबित पड़े थे। ऐसे में स्वास्थ्य मंत्री ने इन्हें स्वीकृति दी जिससे उम्मदी जगी है कि लंबित कामो में भी तेजी आ सकेगी।इसके अलावा कई बार एमआरआई व सिटी स्कैन मशीनों के खराब हो जाने के कारण बाहर जांच करानी पड़ती है। इसके लिए दर का निर्धारण नहीं किया गया था, इसे भी स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ये बैठक बेहद महत्वपूर्ण थी, जिसे इस वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया गया है। इधर मेडिकल कालेज के डीन का भी कहना है कि इस बैठक के होने से बहुत से कामो में तेजी आएगी और मरीजो को इसका सीधा फायदा मिल सकेगा।



# धर्म एवं राजनीति का घालमेल घातक है

धर्म और राजनीति के घालमेल से समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा हो रही है, राजनीति धर्म का बेजा इस्तेमाल करते हुए अपने वोट बैंक को बढ़ाने में लगे हैं तो तथाकथित धर्म के ठेकेदार एवं धर्मगुरु राजनीतिक मंचों का उपयोग करते हुए स्वयं को चमकाने में लगे हैं, दोनों ही अपने स्वार्थ पूर्ति के लिये धर्म की मूल आत्मा को ध्वस्त कर रहे हैं, इस तरह की घटनाओं को लेकर लगातार कई मंचों से चिंता व्यक्त की जाती रही है। लेकिन यह विडंबना ही है कि यह घालमेल बढ़ता ही जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी समीचीन है कि जब तक धर्म और राजनीति को अलग-अलग नहीं करेंगे, नफरत की आंधी पर विराम नहीं लगेगा। सार्वजनिक मंचों पर सभी यह मानते हैं धार्मिक वैमनस्यता, नफरत, घृणा, द्वेष उचित नहीं है, लेकिन व्यवहार में ऐसा होता नहीं दिखता। जाहिर है कि राजनेताओं और धमार्चार्यों के एक वर्ग ने स्वार्थवश न तो राजनीति को पवित्र रहने दिया है और न ही धर्म को। जबकि धर्म का पहला मंत्र ही स्वार्थ से मुक्ति पाना है। भारतीय संस्कृति की आत्मा ही धर्म है, लेकिन वास्तविक धर्म क्रियाकांड, आडम्बर एवं एक दूसरे को नीचा दिखाने में नहीं है। धर्म तो जीवन का स्वभाव है, खुद को पवित्र करने का जरिया है।



राजनीति पर धर्म का नियंत्रण हो, यह अपेक्षित है। लेकिन कौनसे धर्म का नियंत्रण? वास्तविक धर्म न तो पंथ, मत, सम्प्रदाय, मन्दिर या मस्जिद में है और न धर्म के नाम पर पुकारी जाने वाली पुस्तकें ही धर्म है। धर्म तो सत्य और अहिंसा है, धर्म तो जीवन रूपान्तरण की, आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। धर्म इंसानों को जोड़ने का माध्यम है न कि तोड़ने का। धर्म तो त्रस्त, दुःखी एवं व्याकुल मानव-जीवन को आत्मिक सुख-शांति एवं राहत की ओर मोड़ने वाला है। जो नारकीय धरातल पर खड़े जन-जीवन को सर्वोच्च स्वर्गीय धरातल की ओर आकृष्ट करने वाला है। धर्म की इस उत्कृष्टता को हिंसा, अलगाव, बिखराव कहां स्वीकार्य है। इसलिये जरूरी है कि तुष्टिकरण हटे और उन्माद भी हटे। अगर भारत माता के शरीर पर धर्म के नाम पर बड़े-बड़े घाव करके भी हम कुछ नहीं सीख पाये, आस्था को उन्माद बनाने से नहीं रोक पाये, वोट के लिए धर्म की राजनीति करना नहीं छोड़ा और सर्वधर्म समभाव की भावना को पुनः प्रतिष्ठापित नहीं किया तो यह हम सबका दुर्भाग्य होगा। इसलिये सबको सन्मति दे भगवान।


धर्म और राजनीति का मेल होना चाहिए या नहीं, इस पर पहले भी व्यापक बहस होती रही है। एक वर्ग यह मानता है कि धर्मविहीन राजनीति अपना उद्देश्य कभी पूरा नहीं कर पाती। धर्म के बिना राजनीति मधु के बिना मधुमक्खियों के छत्ते की तरह है, जो सिर्फ लोगों को काट ही सकती है। इस तर्क में भी तभी तक दम है जब तक धर्म को उसके सच्चे अर्थों में स्वीकार किया जाए। ऐसे भारतीय इतिहास में ऐसे असंख्स उदाहरण मौजूद हैं जब शासनाध्यक्षों ने अपने समय के सिद्ध धमार्चार्यों की शरण में रह कर उनके दिग्दर्शन में राजकाज चलाया। लेकिन वैसे धमार्चार्य कभी शासनाध्यक्ष नहीं बने। लेकिन समय के साथ-साथ धर्म और राजनीति दोनों में विद्रूपता भी आई है। रही-सही कसर गुलामी के सैकड़ों वर्षों एवं भारत विरोधी शक्तियों ने पूरी कर दी। आज तो राजनीति कथित धमार्चार्यों के सिर चढ़कर बोल रही है। धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वाले राजनेता कानून और व्यवस्था की लक्ष्मण रेखाएं लांघ रहे हैं। ह्वरघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाईह्ल इस आदर्श को निभाने वाले लोग देश को संगठित करने, ताकतवर बनाने के लिये प्रयास कर रहे हैं। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय जिन मुद्दों पर चिन्ता व्यक्त कर रही है, राजनीतिज्ञ, कर्णधार, धर्मगुरु और नेतृत्व देने वाले ऐसी चिन्ता क्यों नहीं कर पा रहे हैं? वे अगर तात्कालिक एवं दूरगामी नतीजे का अनुमान नहीं लगा पाए तो यह देश का दुर्भाग्य है। देश की शीर्ष अदालत ने नफरत फैलाने वाले बयानों (हेट स्पीच) को रोकने में नाकाम रहने पर सत्ता को फटकारते हुए यहां तक कह दिया कि वह नपुंसक की तरह व्यवहार कर रही है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना मूल रूप से राज्यों का काम है, इसलिए हेट स्पीच पर रोक लगाने की जिम्मेदारी भी मुख्य रूप से राज्यों की बनती है। लेकिन राज्य सरकारें इसके लिए कोई प्रभावी कदम उठाती नजर नहीं आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि आखिर राज्य होता ही क्यों है? आजादी के दीवानों को भी धर्म और राजनीति के अनैतिक घालमेल की आशंका रही होगी, इसीलिए उस दौरान यह विचार तेजी से आगे बढ़ा कि धर्म और राजनीति को अलग-अलग रहना चाहिए। महात्मा गांधी ने इस विचार को बखूबी आगे बढ़ाया। स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द सरस्वती, गुरू गोविन्दसिंहजी जैसे अनेक धर्मगुरु वास्तविक धर्म की स्थापना के लिये तत्पर रहे हैं, वे व्यवहार में पूरे धार्मिक थे, लेकिन राजनीति में इससे दूर रहे। भारतीय पुनर्जागरण के दौरान भी धर्म और राजनीति से ऊपर देशहित को रखा गया और विभिन्न धर्मावलंबी कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते रहे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह चिंता जायज ही कही जाएगी।

हमारा राष्ट्र सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, धर्मनिरपेक्ष-(पंथ निरपेक्ष कहना चाहिए) समाजवादी गणतंत्र राष्ट्र है, इससे हटकर हमारी मान्यताएँ, हमारी आस्थाएं, हमारी संस्कृति सुरक्षित नहीं रह सकती, हमारा देश एक नहीं रह सकता। हम सब एक राष्ट्र के नागरिक के रूप में जी नहीं सकते। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए विश्व की बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर राष्ट्र को तथाकथित साम्प्रदायिक ताकतें एवं भारत विरोधी शक्तियां अपने उन्माद में, अपने स्वार्थ में, अपनी राजनीतिक उद्देश्यों में इसे कमजोर करते हैं तो ऐसी ताकतों से राष्ट्र की रक्षा की जानी जरूरी है। खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है, बल्कि खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी राष्ट्रीयता को, हमारी सांझा संस्कृति को हैं, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, लेकिन अल्पसंख्यक बहुतसंख्यक तो नहीं हो सकते। तो इस सच्चाई को स्वीकार कर-के रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए? देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं, वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो उनके नैतिक दायित्व भी हैं। देश एवं सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। धर्म को सम्प्रदाय से ऊपर नहीं रख सके तो धर्म का सदैव गलत अर्थ निकलता रहेगा। धर्म तो संजीवनी है, जिसे विष के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। वोटों के लिए जिस प्रकार की धर्म की राजनीति चलाई जा रही है और हिंसा को जिस प्रकार समाज में प्रतिष्ठापित किया जा रहा है, क्या इसको कोई थामने का प्रयास करेगा? राजनीति का व्यापार करना छोड़ दीजिए, भाईचारा अपने आप जगह बना लेगा। कोई भी परिवार, समुदाय या राष्ट्र एक-दूसरे के लिए कुबार्नी करने पर ही बने रहते हैं। क्या देशवासी एकजुट होकर पूर्वाग्रह, आग्रह एवं दुराग्रह उत्सर्ग करने के लिए तैयार होंगे। यह आज सबसे बड़ा राष्ट्रीय प्रश्न है और समय की मांग है, जो शताब्दियों में किसी राष्ट्र के जीवन में कभी-कभी आता है।

आज नया भारत, सशक्त भारत को निर्मित करते हुए हमें ऐसे धर्म की स्थापना करनी होगी जिसमें आदमी अशांति में सें शांति को ढूंढ निकाले, अपवित्रता में से जो पवित्रता को ढूंढ ले, असंतुलन में से जो संतुलन को खोज ले, हिंसा में से जो अहिंसा को स्थापित कर दे और अंधकार में से जो प्रकाश को पा ले। यह काम कोई भी धार्मिक तो कर सकता है लेकिन कोई राजनीति या राजनेता नहीं कर सकता। धार्मिक अधर्म से लडे, यह तो समझ में आता है, किन्तु एक धार्मिक दूसरे धार्मिक से लडे, यह दुःख का विषय है। इसीलिये इस दुःख को देने वाले राजनेताओं से धर्म की रक्षा करना जरूरी है।

# मोबाइल ने छीना बच्चों का बचपन

मोबाइल के चलन से बच्चों की मासूमियत खत्म होती जा रही है। आज ज्यादातर बच्चे परंपरागत खेलों के बजाय इंटरनेट के जरिये मोबाइल पर गेम्स पर समय बिताते हैं। बचपन एक कमरे तक सिमट कर रह गया है। उनके खेल व मनोरंजन के तरीके बदल गए हैं। बच्चे पहले लुका-छिपी, खो खो, गिल्ली- डंडा, रस्सी कूद, क्रिकेट, फुटबॉल, बालीबाल पतंग उड़ानें जैसे पारंपरिक खेलों से अपना मन बहलाते थे, वहीं अब बच्चे इन खेलों से दूर हो गए हैं। शारीरिक व्यायाम वाले इन सब खेलों की जगह अब पूरी तरह से मोबाइल गेम ने ले ली है। ऐसा लगता है अब मोबाइल ही उनकी जिंदगी का अहम् हिस्सा बन गए है यहाँ तक की माता पिता भी बच्चों के हाथों में मोबाइल थमा देते है ताकि व अपने अन्य काम आसानी से कर सके। हमारा बच्चा मोबाइल की दुनिया में कैद है। आज बड़ों के साथ-साथ बच्चों में भी जबरदस्त स्मार्टफोन इस्तेमाल करने की लत देखने को मिल रही है। एक मीडिया खबर के अनुसार लगभग 23.80 प्रतिशत बच्चे सोने से पहले बिस्तर पर स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। लगभग 37.15 प्रतिशत बच्चे स्मार्टफोन के उपयोग के कारण एकाग्रता के स्तर में कमी का अनुभव करते हैं। साथ ही अधिक स्मार्टफोन यूज करने के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आजकल मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों को इंटरनेट एडिक्शन की तरफ ले जा रहा है। इस तरह के एडिक्शन से मानसिक बीमारियां पैदा होती हैं और ऐसे में बच्चे कोई न कोई गलत कदम उठा लेते हैं। आजकल के बच्चे इंटरनेट लवर हो गए हैं। इनका बचपन रचनात्मक कार्यों की जगह डेटा के जंगल में गुम हो रहा है। पिछले कई सालों में सूचना तकनीक ने जिस तरह से तरक्की की है, इसने मानव जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है बल्कि एक तरह से इसने जीवनशैली को ही बदल डाला है। बच्चे और युवा एक पल भी स्मार्टफोन से खुद को अलग रखना गंवारा नहीं समझते। इनमें हर समय एक तरह का नशा सा सवार रहता है। वैज्ञानिक भाषा में इसे इंटरनेट एडिक्शन डिस्ऑर्डर कहा गया है। मौजूदा दौर



में बच्चों में खेलकूद का स्थान इंटरनेट ने ले लिया है। इसका सीधा प्रभाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ा है। शहरों के साथ अब गांवों में भी मोबाइल की पहुँच होने से बच्चों में इंटरनेट की लत बढ़ गई है। इससे उनमें संवादहीनता का खतरा बढ़ रहा है। बच्चे के ऐसे व्यवहार को अनदेखा करने की जगह इस पर सजग और सावधान होने की जरूरत है। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि इससे बच्चों का स्वाभाविक विकास बुरा प्रभाव पड़ता है। एक अभिभावक का कहना है उसका बेटा स्कूल से आते ही कंप्यूटर पर बैठ जाता है, कई आवाज लगाने पर भी हिलता तक नहीं। बाहर घूमने की जगह उनका बेटा कंप्यूटर पर व्यस्त रहता है, लेकिन अब उसके व्यवहार पर चिंता होने लगी है। वह किसी से बात करना तक पसंद नहीं करता, ज्यादा कुछ बोलों तो चिढ़ जाता है या चिल्लाकर जवाब देता है। एक दूसरा अभिभावक अपनी बेटी के व्यवहार से चिंतित है। वह कहती हैं कि अभी आठवीं कक्षा में ही है, लेकिन उसके अंदर इस उम्र के बच्चों सी चपलता और चंचलता नहीं है। काफी कम बोलती है। इंटरनेट सर्फिंग में उसका खाली समय बीतता है। देश में इंटरनेट के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल में बचपन खोता जा रहा है जिसकी परवाह न सरकार को है और न ही समाज इससे चिंतित है। ऐसा लगता है जैसे गैर जरुरी मुद्दे हम पर हावी होते जारहे है और वास्तविक समस्याओं से हम अपना मुंह मोड़ रहे है। यदि यह यूँ ही चलता रहा तो हम बचपन को बबार्दी की कगार पर पहुंचा देंगे। देश के साथ यह एक बड़ी नाइंसाफी होगी जिसकी कल्पना भी हमें नहीं है। जब से इंटरनेट हमारे जीवन में आया है तबसे बच्चे से बुजुर्ग तक आभासी दुनियां में खो गए है। हम यहाँ बचपन की बात करना चाहते है। देखा जाता है पांच साल का बच्चा भी आँख खोलते ही मोबाइल पर लपकता है। पहले बड़े इसे अपने काम के लिए करते थे। अब बच्चे भी इंटरनेट के शौकीन होते जा रहे हैं। बाजार ने उनके लिए भी इंटरनेट पर इतना कुछ दे दिया है कि वह पढ़ने के अलावा बहुत कुछ इंटरनेट पर करते रहे हैं। पेरेंट्स को बच्चों की ऐसी गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए और समय रहते उनकी ऐसी आदत को पॉजेटिव तरीके से दूर करना चाहिए।

# मुख्यमंत्री से भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों की मुलाकात

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। गहलोत ने अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण काल किसी भी अधिकारी-कर्मचारी के लिए सेवा की शुरूआत का महत्वपूर्ण अंग होता है। आप सभी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं और समाज के



सभी वर्गों के कल्याण की भावना से कार्य करें। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले अधिकारियों में सुरभि गोयल, पूजा झा, अमित गेट, भविष्य देसाई और भावेश चौधरी सम्मिलित थे। यह सभी अधिकारी राजस्थान में एक सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए आए हुए हैं। इस अवसर पर हरिशचंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक हेमंत गेरा और नोडल अधिकारी डॉ. राकेश सिंघल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश जनपद रायबरेली के ग्राम पंचायत टेकारी दान्दू में निकाली गयी शोभा यात्रा

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



डीह रायबरेली ग्राम पंचायत टेकारी दान्दू में देर रात शोभा यात्रा निकाली गयी राम नवमी के पावन अवसर पर देर रात डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए सैकड़ो की संख्या में भक्तगण शोभा यात्रा में शामिल रहे इस दौरान सभी ने श्रीराम के जयकारे लगाए! शोभा यात्रा के दौरान सभी भक्ति गीतों पर झूम उठे और शांति पूर्वक शोभा यात्रा निकाली गयी इस मौके पर ग्राम पंचायत के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे तथा सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए डीह पुलिस भी मौके पर मुश्तैद रही!

## मुंडावर के अपर जिला सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



मुंडावर। मुंडावर कस्बे के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार ने अपरहण एवं दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को 7 वर्ष का कठोर कारावास तथा 50 हजार का जुमार्ना लगाया है। अपर लोक अभियोजक रामावतार चौधरी ने बताया कि हरसोरा थाना निवासी एक व्यक्ति ने 23 मार्च 2015 को हरसोरा थाना में अपनी पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर किशनगढ़ बास के भुर पहाड़ी निवासी महेश कुमार उर्फ हरीश पुत्र रामानंद के खिलाफ धारा 366 में मामला दर्ज किया। अनुसंधान में पुलिस ने आरोपी को 366 के साथ-साथ 376 का भी दोषी पाया। फरार आरोपी को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया एवं आरोपी के खिलाफ चार्जशीट पेश की। सुनवाई के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 366 एवं भारतीय दंड धारा 376 का दोषी मानते हुए धारा 366 में 5 वर्ष व 25 का जुमार्ना एवं धारा 376 में 7 वर्ष का कठोर कारावास 50 हजार का जुमार्ना लगाया है दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी।

## कठूमर क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद रानोता गांव में किसान की सरसों को चोरी कर ले गए चोर

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। कठूमर क्षेत्र में चोरो के होंसले बुलंद है। वही क्षेत्र के रानौता गांव से गुरूवार रात्री चोर एक किसान की दो लाख रू की सरसो पिकअप में भर कर ले गये।सूचना पर कठूमर पुलिस ने सुबह मौका मुआयना किया। रानौता निवासी नेमसिंह जाट ने बताया गुरूवार रात्रि को चोरो ने दरवाजे का ताला तोड कर और जिन दो कमरो की कुंदी लगाई और बरामदे में सरसो के भरे रखे करीब सवा सौ कटटो में से सौ कटटे पिकअप में भर कर ले गये।वही बीते दिनो में कठूमर कस्बा सहित आसपास चोरी की कई घटना हो चुकी है। परंतु कठूमर पुलिस किसी भी चोरी का खुलासा नही कर पाई है।

## भजन संध्या में जय मां परिवार की महिलाओं ने माता का किया गुणगान

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**

खैरथल 31 मार्च। नवरात्रों के उपलक्ष्य में जय मां परिवार की तरफ कस्बे में सेठ गोपालदास कॉलोनी में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने माता का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजन गाए। कार्यक्रम संयोजिका अन्नपूर्णा व भारती परवानी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि पर्व के उपलक्ष में जय मां परिवार की तरफ से सेठ गोपालदास कॉलोनी में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने माता रानी का



गुणगान करते हुए ऐसा समा बांधा कि चारों ओर जय माता दी के नारों की गूंज सुनाई देने लगी और कार्यक्रम में मौजूद अन्नपूर्णा ,भारती परवानी, ललिता अग्रवाल,किरण लालवानी, ज्योति गुप्ता,सीता शर्मा, नीरू शर्मा, शीलू लालवानी आदि महिलाओं ने नाचते गाते हुए माता का गुणगान किया। अन्नपूर्णा ने बताया कि जय मां परिवार में शामिल महिलाओं द्वारा मिलकर नौ दिनों तक माता की नौ स्वरूपों की विधिवत रूप से पूजा अर्चना करने के साथ-साथ माता का गुणगान करते हुए क्षेत्र में खुशहाली की मन्नते मांगी गई।

## एसडीएम राहुल सैनी ने किया इंदिरा रसोई का औचक निरीक्षण

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - स्थानीय एसडीएम राहुल सैनी शुक्रवार को दोपहर के समय इन्दिरा रसोई का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी सुमेर सिंह मीणा भी मौजूद रहे।एसडीएम ने इन्दिरा रसोई में पहुंचकर साफ सफाई और राज्य सरकार की ओर से निर्धारित मापदंडों के अनुसार भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली।उन्होंने भोजन



गुणवत्तापूर्ण बनाने के संबंध में दिशा निर्देश भी दिए । एसडीएम सैनी ने भोजन की गुणवत्ता जानने की लिए टोकन लेकर इन्दिरा रसोई में खाना खाया और भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली । एसडीएम ने बताया कि इन्दिरा रसोई में भोजन की गुणवत्ता जानने और साफ सफाई को लेकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान भोजन करने आए लोगों से भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। लोगों ने इन्दिरा रसोई में गुणवत्तापूर्वक भोजन बताया। इस दौरान एसडीएम राहुल सैनी, नगरपालिका ईओ सुमेर सिंह मीणा सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

## भव्यता से मनाया जायेगा परशुराम जन्मोत्सव

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

बांसवाड़ाः आगामी परशुराम जन्मोत्सव को भव्यता से मनाने के लिए आवश्यक बैठक का आयोजन त्रंबकेश्वर मंदिर स्थित अखंड अन्न क्षेत्र में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि विप्र संरक्षक अध्यक्ष जयप्रकाश पंड्या , विशिष्ट अतिथि संरक्षक सचिव ललित जोशी , संरक्षक मंडल के डॉ. दिनेश चंद्र भट्ट नगर अध्यक्ष ईश्वरदास वैष्णव , प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, नगर उपाध्यक्ष जुगल किशोर जोशी थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष योगेश जोशी ने की। अतिथियों का स्वागत नगर



उपाध्यक्ष रामशंकर जोशी , कोषाध्यक्ष के के शुक्ला, ललित मोहन जोशी, अरविंद चौबीसा, कमलेश चंद्र शर्मा ने किया । जिला सचिव ललित जोशी ने इस अवसर पर बताया की परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष पर दोपहिया और चौपहिया वाहन रैली द्वारा लिमथान स्थित परशुराम मंदिर तक पंहुचेंगे । जिलाध्यक्ष योगेश जोशी ने बताया की 22 अप्रैल परशुराम जन्मोत्सव से 25 अप्रैल शंकराचार्य जयंती तक चार दिवसीय श्री विष्णु यज्ञ लिमथान स्थित परशुराम धाम पर पण्डित निकुंज मोहन पंड्या के आचार्यत्व में आयोजित होगा । आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. पीयुष जोशी ने जानकारी दी की चार दिनों तक चिकित्सा शिविर का आयोजन भी होगा जिसमे निष्णात न्यूरो सर्जन डॉक्टर मनोज शर्मा कोटा और आयुर्वेद उपनिदेशक डॉक्टर पीयूष जोशी द्वारा आयुर्वेद न्यूरो थेरेपी द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज निशुल्क किया जाएगा । परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सनातन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । संरक्षक मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पंड्या ने इसके लिए महा संपर्क अभियान चला कर जनमानस को जोड़ने की अपील की ।

# कठूमर में भाजपा की बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला की बैठक का हुआ आयोजन

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**

कठूमर। कस्बा स्थित द्वारका पैलेस मैरिज होम पर शनिवार को विधानसभा क्षेत्र की बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला की बैठक का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने की एवं इस कार्यक्रम के प्रभारी जिला प्रभारी अशोक गुप्ता, जिला संगठन प्रभारी रोशन लाल सैनी, जिला महामंत्री रामअवतार चौधरी, पूर्व जिला मंत्री प्रदीप जैन, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कसाना एवं पांच मंडलों के मंडल अध्यक्ष सुनील बजाज, नरेंद्र शर्मा, गजेंद्र सिंह ,भीम गुर्जर, शिवचरण अवस्थी एवं सभी मंडलों के महामंत्री मौजूद रहे।वही बताया कि सभी मंडलों से शक्ति केंद्र प्रभारी एवं संयोजक एवं सभी मंडलों के नमो मोदी अंदर मौजूद रहे



कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के बारे में बताया और आगामी विधानसभा 2023 के चुनाव में कठूमर विधानसभा में भाजपा का परचम लहराने की बात कही।महामंत्री रामअवतार चौधरी ने बूथ अभियान के बारे में बताएं एवं पन्ना प्रमुख तक की जानकारी दी। जिला प्रभारी रोशन लाल सैनी ने संगठन मजबूत करने के बारे में जानकारी दी। वही कार्यक्रम के अंत में किसानों के मसीहा कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर सभी कार्यकताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला महामंत्री योगेंद्र चौधरी, कठूमर सरपंच शेरसिंह मीना,विस्तारक वीरेंद्र चौधरी पंकज कटारा, श्याम सिंह, अनिल कूलवाल ,अनिल टिंकल ,गोपाल चौधरी, टिंकल सिंह ,सतबीर बराडा,विनोद शर्मा, सतीश भाटी ,पूरन प्रजापत, कमलेश गुर्जर, विनोद प्रजापत, बाबूलाल सैनी, रवि अग्रवाल, महेंद्र शर्मा ,सतीश पाराशर, बंटी योगी, दिगंबर सिंह,राजेश जाटव, भाजपा के प्रत्याशी रहे बाबूलाल मैनेजर, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम शरण सिंह भाटी, हिम्मत चौधरी, जोगिंदर सिंह, पूर्व सरपंच रघुवर सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कठूमर में बूथ सशक्तिकरण का अल्पकालीन विस्तारक कार्यशाला हुई आयोजित

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**

कठूमर। भाजपा द्वारा विधानसभा मुख्यालय पर बूथ सशक्तिकरण का अल्पकालीन विस्तारक कार्यशाला शनिवार को द्वारका पैलेस मैरिज होम में सम्पन्न हुई। वही कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी रोशन लाल सैनी ने कहा कि बूथ के कार्यकर्ता मजबूत हो बूथ मजबूत हो तो बूथ जीता तो चुनाव जीता बूथ सशक्तिकरण में अल्पकालीन विस्तारक को को प्रत्येक बूथ पर जाग जाना होगा तथा 11 अप्रैल फुले ज्योतिराव जयंती एवं 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम होगा। तथा 11 अप्रैल एवं 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती कार्यक्रम की जानकारी दी गई। एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कार्यक्रम की संबोधित करते हुए कहा



कि 1 से 10 अप्रैल तक अल्पकालीन विस्तारक प्रत्येक शक्ति केंद्र पर जाकर के बूथ शक्ति केंद्र से आने वाले बूथ का सत्यापन करेंगे। प्रत्येक बूथ का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर के प्रदेश से जुड़ेंगे पन्ना प्रमुख की नियुक्ति करेंगे और सरल एप पर अपलोड करेंगे। वही 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रत्येक शक्ति केंद्र पार्टी कार्यालय पर प्रत्येक कार्यकर्ता के घर पर झंडा फहराया जाएगा तथा 12 अप्रैल को महाजन आक्रोश महासभा प्रदर्शन अलवर में किया जाएगा एवं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी 30 तारीख को मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक शक्ति केंद्र पर 100 कार्यकताओं के साथ समा जाएगा एवं सभी कार्यकताओं को जानकारी दी एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता से अपील की गई। इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला महामंत्री योगेंद्र चौधरी, कठूमर सरपंच शेरसिंह मीना,विस्तारक वीरेंद्र चौधरी पंकज कटारा, श्याम सिंह, अनिल कूलवाल ,अनिल टिंकल ,गोपाल चौधरी, टिंकल सिंह ,सतबीर बराडा,विनोद शर्मा, सतीश भाटी ,पूरन प्रजापत, कमलेश गुर्जर, विनोद प्रजापत, बाबूलाल सैनी, रवि अग्रवाल, महेंद्र शर्मा ,सतीश पाराशर, बंटी योगी, दिगंबर सिंह,राजेश जाटव, भाजपा के प्रत्याशी रहे बाबूलाल मैनेजर, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम शरण सिंह भाटी, हिम्मत चौधरी, जोगिंदर सिंह, पूर्व सरपंच रघुवर सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुशलगढ़ नगर पालिका की जमीन पर अवैध निर्माण को रोकने को लेकर नगर वासियों ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढ़ः आज नगर वासियों ने उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी को अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया जानकारी के अनुसार आज गणेश मंदिर पर नगरवासी एकत्रित हुए और कुशलगढ़ उपखंड कार्यालय पहुंचकर हस्ताक्षर युक्त कुशलगढ़ उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी को अवगत ज्ञापन द्वारा बताया गया कि पंचायत समिति और शिक्षा विभाग नगरपालिका की लाखों रुपए की जमीन पर अवैध निर्माण करा रहे हैं जिसे तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग की है नगर वासियों ने बताया कि कुशलगढ़ तहसीलदार द्वारा नोटिस जारी करने के बावजूद भी अवैध निर्माण ठेकेदार द्वारा नहीं रोका जा रहा है वही नगर के मध्य



हाई सेकेंडरी स्कूल के बाहर लाखों रुपए की जमीन पर स्कूल द्वारा चार दीवारी बना रही जा रही है जिसे भी रोकने की मांग की है उन्होंने बताया कि जमीन पर दशहरा मैदान मोहर्रम गणेश उत्सव मेला और कई आयोजन उस मैदान पर होते हैं या चार दीवारी नहीं बनाई जाए इन निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की है नगर वासियों ने चेतावनी दी है कि अगर इन दोनों कामों को नहीं रोका गया तो आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा हस्ताक्षर करने में नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र अहारी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बबलू मईडा नपा उपाध्यक्ष नितेश बैरागी भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमलेश कावड़िया महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती नम्रता जैन पार्षद महावीर कोठारी महामंत्री दिलीप टेलर पार्षद राहुल सोनी लैंपस अध्यक्ष श्रवण सिंह झाला भाजपा के कल सिंह डामोर कमलेश टेलर हेमेंद्र पंड्या भूपेंद्र टेलर रितेश गा दिया रामकिशन मकवाना पार्षद अशोक पंड्या गणपत लाल पार्षद महेंद्र प्रताप साह आईटी सेल के अनुज प्रताप तवर सहित नगरवासी हस्ताक्षर कर ज्ञापन सौंपा।

# तुलसी कलश यात्रा से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ की शुरूआत

### कथा का समय दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाडा**

कुशलगढः खेड़ा धरती कुशलगढ के बड़ी सरवा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ की शुरूआत शुक्रवार सुबह तुलसी कलश यात्रा से की गई। यात्रा की शुरूआत श्री राम मंदिर से 108 तुलसी कलश और पोथी यात्रा बैड-बाजे व झांकियों के साथ की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं तुलसी कलश लेकर यात्रा में शामिल हुई। यात्रा विभिन्न मार्ग से होकर बाद में तेजाजी मंदिर द्वार के पास कथास्थली पर पहुंची।यात्रा के बाद सात दिवसीय भागवत कथा के पहले दिन व्यासपीठ से कथा वाचक मनुश्री महाराज जी रतनगढ़ ने बताया कि मानव जीवन का सर्वोत्तम फल सत्संग है, जो भगवत्कृपा से प्राप्त होती है। जहां भगवान की कथा होती है, वहां सभी देवी-देवता स्वतः आ जाते है। जबकि मानव को बुलाना



पड़ता है जो ठीक नही है। प्रत्यक्ष दर्शन के आगे भी एक दर्शन है। उस दर्शन के बाद जन्म-मरण के क्रम से जीव मुक्त हो जाता है। परमात्मा में समर्पण ही सन्यास है। सभी प्राणियों में भगवान विराजमान है और सबसे भगवान है। ऐसे शाश्वत लक्षण भगवान के भक्त का होता है। पृथ्वी के किसी भी प्राणी के प्रति राग-द्वेष नही रखना भक्त के लक्षण हैं। सभी जीवों के अलग-अलग कर्म होते हैं, जिन्हें स्वयं भोगना पड़ता है। महाराज ने कहा कि सबमें भगवान को देखने वाला महान भक्त होता है। यदि इसी जन्म में भगवत प्राप्ति चाहते हैं तो भगवान के हाथों में अपने को बेच दो यानी भगवान का बन जाओ। सम्मान से नहीं अपमान से प्रेम करो, जो अपमान से प्रेम करता है वह भगवान को प्राप्त कर लेता है। देवी भक्ति एवं ज्ञान-वैराग्य का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि महर्षि नारदजी भूलोक पर पधारे तो उन्हें पृथ्वी पर कहीं भी शांति नहीं मिली। जब वृन्दावन पहुंचे तो देखा कि सिंहासन पर देवी भक्ति बैठी है। गंगा, यमुना,सरस्वती आदि देवियां सेवा में जुटी हुई है और भक्ति के पुत्र ज्ञान, वैराग्य जर्जर अवस्था में जमीन पर पड़े हैं। महर्षि नारद देवी भक्ति के कल्याण के लिए श्रीमद्भागवत कथा कराते हैं। इस कथा में सनकादिक ऋषि वक्ता और नारदजी श्रोता है। श्रीमदभागत कथा के प्रभाव से देवी भक्ति का कल्याण हो गया। तब नारदजी ने देवी भक्ति को ज्ञान, वैराग्य के साथ भक्तों के हृदय में निवास करने को कहा। यही कारण है कि भगवान के दास पर कलि का प्रभाव नहीं होता है। आयोजक श्री कोशल्या जोशी, कैलाशचंद्र जोशी, कमलेश जोशी,पंकज जोशी, आनंद जोशी, लाला शंकर जोशी, नारायण शंकर जोशी एवं ग्रामवासी और आसपास से पधारे हुए श्रोतागण अतिथि रूप में मौजूद थे।

## महावीर जयन्ति पर बुचड खाने बंद कराने की मांग

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

**जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी की जन्म जयन्ति के पावन अवसर पर पुरे राज्य में बुचड खाने बंद कराने की मांग । जीयदया प्रेमी केसरीमल खोडणिया केशुभाई ने स्वायत शासन विभाग जयपुर व जिला कलेक्टर बांसवाडा को ज्ञापन भेजा ।**

बडोदिया । जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी की जन्म जयन्ति के पावन अवसर पर पुरे राज्य में बुचड खाने बंद कराने की मांग । जीयदया प्रेमी केसरीमल खोडणिया केशुभाई ने स्वायत शासन विभाग जयपुर व जिला कलेक्टर बांसवाडा को ज्ञापन भेजा । ज्ञापन में उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जैन धर्म की महावीर जयंती दिनांक 3 अप्रेल को मनाई जाएगी । महावीर जयंती के दिन पूरे राजस्थान के बूचड़खाने, मांस, मछली, अंडे के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश पारीत करे व समस्त आयुक्त, नगरनिगम, समस्त आयुक्त, नगर परिषद, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका समस्त, जिलाधीश, समस्त पुलिस अधीक्षक राजस्थान को पाबंद करे कि पूरे राजस्थान में जैन धर्म मे आस्था रखने वालों की भावना को देखते हुए पूर्ण प्रतिबंध की पालना करवावे ।

## कठूमर थाना पुलिस ने स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**



कठूमर ।पुलिस थाना कठूमर ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में शुक्रवार को अरुण सिंह पुत्र जनक सिंह को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि अशोक चौहान वृत अधिकारी वृत कठूमर के निर्देशन में थाना कठूमर मय टीम द्वारा केस नंबर 23/822/15 में न्यायालय एमजेएम कठूमर में वांछित स्थाई वारंटी अरुण सिंह पुत्र जनक सिंह जाति जाट निवासी बेरका को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस कार्यवाही में टीम के सदस्य चंद्रशेखर शर्मा पुलिस उपनिरीक्षक थाना अधिकारी कठूमर, गंगासिंह कांस्टेबल, रनवीर सिंह कांस्टेबल मौजूद रहे।

## रेवेन्यु इंस्पेक्टर का सेवानिवृति पर किया गया सम्मान समरोह

**मरुधर हिंद / यदुराज नरेन्द्र शास्त्री**



मुण्डावर उपखंड मुख्यालय में रेवेन्यू इंस्पेक्टर (कानूनगो) के पद पर कार्यरत मगनलाल सैनी जी आज सेवानिवृत हुए। जिनका सोड़ावास पहुंचने पर साफा बांध कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। मगनलाल सैनी जी ने सम्मान देने पर सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गोकुल नम्बरदार, ललित यादव राठ इंस्टीट्यूट, सुरेन्द्र, संजय चौधरी, राजेन्द्र चौधरी , विरेन्द्र, राजेश, संदीप आदि एवं काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जामो पुलिस द्वारा 01 अवैध तमंचा 01 जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**




उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 31.03.2023 को उ0नि0 संजीव कुमार थाना जामो मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शुभम पुत्र राम लखन नि0ग्राम बलभद्रपुर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को ग्राम पूरे जिवनन्दन के पास से समय करीब 12ः10स्रे बजे गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । गिरफ्तार अभियुक्त व बरामदगी के संबंध में थाना जामों पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## राम नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

भेलसर( अयोध्या )रुदौली नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्री राम जन्मोत्सव राम नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर



श्रद्धालुओं द्वारा श्री राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों की विशेष सजावट की गई।मंदिरों में पूजा आरती कर श्री राम के गगन भेदी जय करो से वातावरण गुंजायमान किया गया।रुदौली नगर के शिव पुरी स्थित श्री राम जानकी मंदिर,हनुमान टीला,शिव पूरी,श्री हनुमान किला मंदिर कटरा,काली मंदिर कटरा व टेढ़ी बाजार,अर्ध नारेश्वर मंदिर नयागंज में श्री राम जन्म उत्सव भव्यता पूर्वक मनाया गया जिसमे सुंदरकांड पाठ,भजन,12 बजे भगवान श्री राम की विशेष आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।नगर में नयागंज मोहल्ले के अर्धनारीश्वर मंदिर से श्री राम जी का भव्य शोभ यात्रा झांकियो सहित नगर भ्रमण हेतु निकाली गई।आयोजन में उमा शंकर कसौधन,राम प्रकाश,रवि प्रकाश गुप्ता व शिवपुरी मंदिर की व्यवस्था में महेश गुप्ता,मुकेश गुप्ता,शिव प्रकाश सभासद,राजकुमार सोनी,राहुल विनायक,हरिप्रसाद,राम किशोर,अशोक कुमार विनायक,गोपी चंद्र,गुलाबचंद कौशल,उज्जवल धवन,सभासद रामसनेही लोधी,राहुल,कटरा काली मंदिर में सलिल प्रकाश,गुलजारी लाल,संदीप कुमार सहित काफी संख्या में लोगो की उपस्थिति रही।आयोजन में पुरुष व महिलाएं आरती में शामिल रहे।नवरात्रि के अवसर पर देवी मंदिर विशेष रूप से मां कामाख्या देवी शक्ति पीठ देवकाली मंदिर में दर्शनार्थियों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी।लोगो ने व्रत हवन कर अनुष्ठान किया।

## कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला, में परीक्षाफल एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

आज दिनांक 31.03.2023 को सत्र समापन के अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला, तिलोई - अमेठी में प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह के संयोजकत्व में परीक्षाफल वितरण एवं



पुस्तक वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय में 250 छात्र नामांकित हैं, समस्त छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग कर सफलता प्राप्त किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मो० अशरफ की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि नरेन्द्र देव मिश्र खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा छात्रों को परीक्षा फल वितरण एवं नवीन शैक्षिक सत्र के छात्रों को पुस्तक वितरण किया गया।खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी, और निष्ठा व लगन से शिक्षण कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। शिक्षकों से कहा कल से नामांकन किया जाना है,आप सब बच्चों का सर्वे करते हुए शत- प्रतिशत नामांकन पूर्ण करें। अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित भेजने हेतु प्रेरित किया।धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बच्चों से कहा पढ़ने की कोई उम्र नही होती, शिक्षा जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है, खूब मेहनत व लगन से शिक्षण कार्य करते रहो।

## पीपरपुर पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 31.03.2023 को उ0नि0 संदीप कुमार राय थानाध्यक्ष पीपरपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध




व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 34/23 धारा 302,201 भादवि में वांछित अभियुक्त विजय वर्मा पुत्र द्वारिका प्रसाद नि0 ग्राम जमुवावा पश्चिम थाना शिवगढ़ जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 35 वर्ष को मोटरसाइकिल के साथ पीपरपुर रेलवे स्टेशन मोड़ से गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 13.02.2023 की रात को मैं व कमलेश वर्मा इसी होण्डा मोटरसाइकिल संख्या यूपी 44 आर 8635 से प्रीति के पति दिनेश की हत्या करने के लिए आये थे । थाना पीपरपुर द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## लाभार्थी उत्सव के बैनर बेतरतीब ढंग से पड़े नजर आए

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - राज्य सरकार की ओर से 30 मार्च को जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर नगरपालिका प्रशासन की ओर से आमजन के प्रचार प्रसार के लिए राजस्थान दिवस पर आयोजित लाभार्थी उत्सव में बड़े बड़े बैनर और होर्डिंग लगाएं गए थे लेकिन राजस्थान दिवस के दूसरे ही दिन नगरपालिका प्रशासन ने बैनर और होर्डिंग को कचरे में डाल दिया। जिसको लेकर लोग सोशल मीडिया पर विडियो वायरल कर रहे हैं। आपको बता दें कि 30 मार्च गुरूवार को राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य सरकार के निदेर्शानुसार बानसूर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय लाभार्थी उत्सव का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, बानसूर एसडीएम राहुल सैनी, तहसीलदार राजेंद्र मोहन, प्रधान सुमन सुभाष यादव, नगर पालिका चेयरमैन नीता सज्जन मिश्रा, ईओ सुमेर सिंह मीणा सहित कस्बे के गणमान्य लोग और सैकड़ों की संख्या में लाभार्थी मौजूद थे। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लाभार्थियों से बातचीत करते हुए लाभार्थी उत्सव का मुख्य उद्देश्य व सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। समारोह में बानसूर नगरपालिका की ओर से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार लिए कस्बे में बड़े-बड़े होर्डिंग और बैनर लगाकर समारोह में आमजन को योजनाओं की जानकारी के लिए लगाए गए थे।



## कामा क्षेत्र के गांव खेड़ी गुमानी में 6 साल के बच्चे ने रखा रोजा

**मरुधर विशेष /हरीश कुमार जुरहेरा**

(कामा भरतपुर)परिवार में सभी सदस्यों को पांच वक्त का नमाज पढ़ते देख अरमान नमाज भी अदा कर रहा है। कम उम्र के बच्चों द्वारा रोजा रखने से लोग हैरान हैं। बच्चे अपने परिवार वालों के साथ सुबह तीन बजे से सेहरी खाने के लिए जागते हैं और सेहरी खाकर फिर कुरआन की तिलावत में जुट जाते हैं।लोगों का कहना है कि मार्च महीना की इस तपिश भरी गर्मी में भी बच्चों द्वारा रोजा रखा जाना अपने आप में बड़ी बात है। पिता शहीद खान ने बताया कि कहा मुसलमानों के लिए रोजा बहुत ही महत्वपूर्ण है इस माह में अल्लाह अपने नेक बन्दों के लिए अपनी रहमत के दरवाजे खोल देता है। बच्चे भी अल्लाह को राजी करने के लिए रोजे रख रहे हैं इबादत कर रहे हैं। यह सब अल्लाह का करम है और हम उसके शुक्रगुजार हैं। में सभी सदस्यों को पांच वक्त का नमाज पढ़ते देख अरमान नमाज भी अदा कर रहा है। कम उम्र के बच्चों द्वारा रोजा रखने से लोग हैरान हैं। बच्चे अपने परिवार वालों के साथ सुबह तीन बजे से सेहरी खाने के लिए जागते हैं और सेहरी खाकर फिर कुरआन की तिलावत में जुट जाते हैं।



## ओलावृष्टि से गेंहू की फसल हुई बर्बाद

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

नारायणपुर - उपखंड क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। जिससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल चौपट हो गई।नारायणपुर क्षेत्र में दोपहर बाद मौसम बदलने के साथ ही तेज हवाओं के साथ करीब 3 बजे मूसलाधार बारिश हुई। तथा बारिश के साथ ही चने के आकार से बड़े ओले की बौछार हो गई। वहीं ओले गिरने से जमीन पर सफेद चादर बिछ गई। बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने किसानों की फसलों को चौपट कर दिया। किसानों का कहना है कि पांच दिन पहले हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से सरसों और गेहूं की फसल में भारी नुकसान हुआ । वहीं आज हुई ओलावृष्टि ने रही सही कसर पूरी कर दी। वहीं रतिराम कुमावत ने बताया कि आज नारायणपुर के नांगल हेडी, तालवृक्ष, बैरावास, बसई जोगियां में दोपहर बाद हुई तेज बारिश के साथ करीब 20 मिनट तक ओलों की बारिश हुई। ओलावृष्टि होने से किसानों की फसलों में भारी नुकसान होने की संभावना है।



## बेरोजगारी भत्ता आवेदन 1 अप्रैल से शुरू, जिला प्रशासन ने कर ली पूरी तैयारी

**मरुधर विशेष, करन सोनी**


सूरजपुर/ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1 अप्रैल 2023 से लागू की जा रही बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई है, इस योजना अंतर्गत शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रू. प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिया जाएगा। आवेदनों के सत्यापन के लिए जनपद पंचायत सूरजपुर के समस्त गांव को 21 क्लस्टर में विभाजित किया गया है, जिसमें अजबनगर में अजबनगर, आमगांव, महावीरपुर, पण्डोनगर, बसदेई में बसदेई, झांसी, लोधिमा, पीडा, उचडिह, डेडरी में डेडरी, मानी, पेंडरखी, सपकरा, डुमरिया में चम्पकनगर, चंद्रपुर, पर्री, गंगापुर में अनुजनगर, बिहारपुर, गंगापुर, जगतपुर, तुलसी, गिरवरगंज में गिरवरगंज, गोरखनाथपुर, केषवनगर, कुरूवां, नयनपुर, कैलासपुर में गणेषपुर, गोपीपुर, कैलासपुर, कमलपुर, करतमा, पहाड़गांव कल्याणपुर में अखोराकला, ब्रिजनगर, छत्तरपुर, कल्याणपुर, पोडिपा, रामेष्वरपुर, कन्दरई में जमड़ी, कन्दरई, कोरिया, राजपुर, रतनपुर, करजीं में दतिमा, झुमरपारा, करंजी, खरसुरा, सोहागपुर, करवां में बलरामपुर, जुडवानी, करवां, कसलगिरी, कसकेला, केतका में जोबगा, केतका, लांची, पोंड़ी, कुमदा में गोविंदपुर, करमपुर, कुमदा, पार्वतीपुर, वीरपुर, लांची में बेलटिकरी, भरतपुर, लांची, सलका, लटोरी में द्वारिकापुर, गजाधरपुर, लटोरी, महेषपुर, सम्बलपुर, सोनवाही, पसला में नवगई, नेवरा, पसला, शर्मा, रामनगर में गंगौटी, रामनगर, रूनियाडिह, सरस्वतीपुर, सिलफीली में कनकपुर, मदनपुर, परसापारा, रविन्द्रनगर, सिलफीली, षिवनंदनपुर में हर्राटिकरा, जयनगर, कुंजनगर, सतपता, षिवनंदनपुर, तेलईकछार एवं तिलसिवां में देवीपुर, नमदगिरी, नरेषपुर, पचिरा, तिलसिवां है। 1 अप्रैल से ऑनलाईन से आवेदन किए जायेगें।



## चिन्हित ब्लैक स्पॉट, चौक-चौराहों तथा जंक्शन में सुरक्षा उपायों की समीक्षा, जिले में ट्रामा स्टेब्लाइजेशन यूनिट्स की स्थापना करे शीघ्र

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सूरजपुर/ कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा अध्यक्षता तथा पुलिस अधीकक्ष श्री रामकृष्ण साहु की उपस्थिति में आज सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सयुंक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। कलेक्टर जिले में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम सहित सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए सभी संबंधित विभागों को प्रभावी पहल हेतु विशेष जोर दिया। उन्होंने ने इस दौरान लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने और इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने बैठक में प्रत्येक माह जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने पर करने कहा। जिससे जिले की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। उन्होंने इस दौरान ब्लैक स्पॉट के चिन्हांक पश्चात उनमें तत्परता से सुधार की कार्रवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा दुर्घटना को रोकने के उपायों के तहत सड़कों के चैक-चैराहों और जंक्शन में सुरक्षा संबंधी उपायों पर भी तेजी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में दुर्घटना के शिकार लोगों के त्वरित उपचार हेतु व्यवस्था, राज्य में ट्रांमा सेंटर की स्थिति, यातायात के नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई तथा यातायात नियमों के पालन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने वाहनों की सघन जांच और तेज गति को नियंत्रित करने के लिए स्पीड गवर्नर लगाने की दिशा में कार्रवाई करने तथा नशापान और सड़क पर स्टंट करके वाहन चलाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के निर्देशित किया।



# राईट टु हैल्थ बिल के विरोध में चिकित्सकों की हड़ताल 11 वें दिन भी जारी

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - सरकार द्वारा हाल ही में पारित किये गये राईट टु हैल्थ बिल के विरोध में कोटपुतली, बानसूर क्षेत्र के सभी निजी अस्पतालों में चिकित्सकों द्वारा 11 दिन से लगातार जारी हड़ताल के चलते अस्पताल बंद होने के कारण क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। करीब 1000 से ज्यादा ऑपरेशन टाल दिये गये है। इमरजेंसी के मरीजों को समीपवर्ती राज्य हरियाणा के चिकित्सालयों में ईलाज के लिए जाना पड़ रहा है। शुक्रवार को बानसूर के रामनिवास गार्डन में बानसूर और कोटपूतली के निजी अस्पतालों, डेंटल एसोशिएसन, कैमिस्ट एसोशिएसन ने जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान राईट टु हैल्थ बिल की विसंगतियों के बारे में बताते हुए राज्य सरकार से इस बिल को वापस लेने या अन्य कोई बीच का रास्ता निकालने की मांग की। इस दौरान चिकित्सकों ने एक स्वर में कहा कि यह बिल असंवैधानिक है और इससे चिकित्सकों व मरीजों के बीच आये दिन झगड़े बढ़ेंगे। सरकार को इसे वापस लेना चाहिए नहीं तो आंदोलन को उग्र किया जायेगा। इस कारण जनता को होने वाली असुविधा व हानि की जिम्मेदारी सरकार की होगी। कार्यक्रम में स्थानीय डॉ. डी आर यादव ने कहा कि सरकार द्वारा यह बिल निजी अस्पताल पर थोपने के बजाय अपने सरकारी संसाधन को बढ़ाना चाहिए। जिस तरह से सरकारी हॉस्पिटल में मरीजों को देखा जाता है वह किसी से छुपा नहीं है। कागजों के नाम पर ही मरीजों को इतना परेशान किया जाता है कि मरीज स्वयं वहां जाना पसन्द नहीं करते। राजस्थान के सबसे बड़े अस्पताल एसएमएस में भी खुद की मशीनरी नहीं है वहां भी प्राईवेट टेस्ट करवाने पड़ते है। आपको बता दें कि राइट टू हैल्थ बिल राज्य सरकार द्वारा 21 मार्च को विधानसभा में पारित किया गया था। जिस पर डॉ. का कहना है कि बिल आनन-फानन में लाया गया। बिना विशेषज्ञों के परामर्श के इसे बनाकर थोपा गया। निजी चिकित्सक संघ का कहना है कि इस बिल का कोई काम ही नहीं है। जब गवर्नमेंट चिरंजीवी योजना, भामाशाह योजना में लाभ दे रही है तो राइट टू हैल्थ बिल की जरूरत ही क्या है। इस दौरान राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल कोटपूतली के पीएमओ पद से सेवानिवृत्त डॉ आर आर यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बिल गवर्नमेंट द्वारा अपनी नाकामी छिपाने के लिए लाया गया है। गवर्नमेंट ने 4 साल में जो कार्य किए हैं उससे जनता संतुष्ट नहीं थी। अपनी नाकामी छिपाने के लिए यह बिल विधानसभा में पारित आनन-फानन में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपनी नाकामी को छुपाने की हद तो तब हो गई जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 17 मार्च को 19 जिले और 3 संभाग बनाने की घोषणा की। यह भी सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए ही घोषित किए हैं। ताकि जनता का ध्यान इधर चला जाए। राइट टू हैल्थ जनता के और चिकित्सकों के दोनों के फेवर में नहीं है बल्कि इन दोनों के बीच के सेतु को तोड़ने का कार्य करेगा। जनसंवाद के बाद कोटपूतली और बानसूर निजी चिकित्सक संघ द्वारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डॉ. आर. आर. यादव, डॉ. एस.एम. यादव, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. सतीष यादव, डॉ. डी. आर यादव, डॉ. महावीर, डॉ. हरिसिंह यादव सहित सभी निजी चिकित्सक संघ के डॉक्टर मौजूद रहे।



# शातिर अभियुक्त राजेश जायसवाल के खिलाफ यूपी गैंगेस्टर एक्ट में अन्तर्गत धारा 14(1) की गई कार्यवाही, 01 करोड़ 09 लाख 89 हजार रुपए की संपत्ति की गयी जब्त

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपजिला मजिस्ट्रेट अमेठी व क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री लल्लन सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 संदीप कुमार राय थानाध्यक्ष पीपरपुर जनपद अमेठी मय हमराह द्वारा शातिर अभियुक्त राजेश जायसवाल पुत्र रामकरन जायसवाल नि. ग्राम गोराबारिक थाना को0 नगर जनपद सुलतानपुर हाल पता ग्राम दहियावां थाना पीपरपुर जनपद अमेठी जो अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक तथा भौतिक लाभ के लिये संगीन अपराधों (अवैध शराब का संवहन व भादवि की अन्य संज्ञेय धाराओं का अपराध ) को कारित करने व उससे लाभ अर्जित करने का अभ्यस्त है । समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहकर जघन्य अपराध कर अर्जित की गई अभियुक्त राजेश जायसवाल उपरोक्त की पत्नी निशी जायसवाल की सम्पत्ति जो राजेश जायसवाल उपरोक्त द्वारा छिपाने के उद्देश्य से अपनी पत्नी के नाम क्रय की गयी है जो ग्राम पकड़ी स्थित गाटा सं0 116/0.5130 हे0 सम्पूर्ण भूमि में से क्रय की गयी 379.36 वर्ग मीटर (कुल कीमत 56 लाख 90 हजार 400 रुपए) व गाटा संख्या 116/0.5130 हे0 सम्पूर्ण भूमि में से क्रय की गयी 379.36 वर्ग मीटर पर बने गोदाम/भवन (कुल कीमत 52 लाख 98 हजार 600 रुपए) कुल कीमत 01 करोड़ 09 लाख 89 हजार रुपए को अन्तर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द अधिनियम के अन्तर्गत जब्त किया गया । अभियुक्त राजेश जायसवाल शातिर किस्म का अपराधी है जिसके द्वारा संगठित रूप से आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए जघन्य अपराध कारित किया गया है ।



# मंत्री टीएस सिंहदेव की जमीनों का रिकॉर्ड गायब: कोर्ट में वाद किया था दायर, डिप्टी कलेक्टर और एसडीएम को नोटिस

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

अंबिकापुर। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने जिन 665 एकड़ जमीनों को अपने पूर्वजों का बताते हुए अपने नाम करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय में वाद दायर किया है, उनका रिकार्ड ही जिला प्रशासन को नहीं मिल रहा है।इन जमीनों के रिकार्ड कहां गए, यह कोई नहीं बता पा रहा है। मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने कलेक्टर सरगुजा को नोटिस भेजकर एक माह में जवाब मांगा है। जमीनों का रिकार्ड नहीं मिलने पर कलेक्टर ने एसडीएम अंबिकापुर एवं डिप्टी कलेक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मामला अंबिकापुर ब्लाक के टपरकेला एवं कांतिप्रकाशपुर के जमीनों का है, जिसे प्रदेश के मंत्री टीएस सिंहदेव ने अपने पूर्वजों का बताते हुए जमीनें अपने नाम करने वर्ष 2015 में जिला एवं सत्र न्यायालय अंबिकापुर में वाद दायर किया है। प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 3 अंबिकापुर के कोर्ट में मंत्री टीएस सिंहदेव ने वर्ष 2015 में वाद दायर किया कि ग्राम टपरकेला की 652 एकड़ भूमि एवं कांतिप्रकाशपुर के खसरा क्रमांक 179 का 6.322 हेक्टेयर भूमि उनके पूर्वजों की है। जो किसी कारणवश शासकीय रिकार्ड में दर्ज है। मामले में प्रतिपक्ष सचिव राजस्व विभाग व दो अन्य को बनाया गया है। मामले की सुनवाई करते हुए प्रथम न्यायाधीश वर्ग तीन अंबिकापुर के द्वारा उक्त जमीनों का सीलिंग प्रकरण उपलब्ध कराने का आदेश दिनांक 23.10.2021 को जारी किया गया। सचिव राजस्व विभाग छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि के रूप में सरगुजा कलेक्टर मामले में शासन की ओर से न्यायालय में पक्षकार बनाए गए हैं।



# बलरामपुर के रामानुजगंज में बारिश और ओलावृष्टि, कई लोगों के घर तबाह

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

बलरामपुर / रामानुजगंज में बारिश और ओला गिरने से कई घरों को नुकसान पहुंचा है. बेमौसम बारिश से किसानों की फसलें प्रभावित हुई है. किसानों को चिंता सता रही है.छत्तीसगढ़ में बेमौसम बारिश का दौर जारी है. बलरामपुर के रामानुजगंज में बारिश के साथ साथ ओले भी पड़े हैं. तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बारिश ने कई लोगों की परेशानी बढ़ा दी है. तूफान में कई घरों की छत उड़ गई. सबसे ज्यादा असर ग्रामीण इलाकों में पड़ा है. यहां बिजली सेवा प्रभावित हुई है. लोग घर में कैद होने को मजबूर हो गए हैं.बारिश के साथ जमकर हुई ओलावृष्टिः रामानुजगंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई. जिससे चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछ गई. बारिश के साथ साथ आंधी तूफान का भी दौर चला. यहां गर और चमक के साथ तेज बारिश के बीच में ओल गिरे. कई फसलों पर बुरा असर पड़ा है. सब्जी की फसलें तो पूरी तरह से चौपट हो गई है. रामानुजगंज के साथ साथ आस पास के गांव में बिजली सप्लाई प्रभावित हुई है. लोग अंधेरे में रात बिता रहे हैं.बेमौसम बारिश से किसानों की परेशानी बढ़ीः जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेमौसम बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है. करीब आधे घंटे तक तेज हवाएं चलती रही. जिससे कुछ घरों के छप्पर भी उखड़ गए. आंधी तूफान और बारिश के कारण ग्रामीण आजीविका कहे जाने वाले महुआ को भी नुकसान हुआ है. महुआ के फूल खराब हो गए हैं. खेत में पड़ी लगी फसलों को नुकसान हुआ है. किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है.तेजी से लुढ़का पाराः बारिश ने शहर का पारा लुढ़का दिया है. गर्मी से लोगों को राहत मिल गई है. न्यूनतम तापमान 18 डिग्री तक पहुंच गया है. बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में भी यहां मौसम सुहाना रह सकता है.



## वन परीक्षेत्र प्रतापपुर में जंगल की जमीन पर कब्जे की होड़,50 एकड से ज्यादा क्षेत्र में पेड़ों की कटाई

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

प्रतापपुर / वन परीक्षेत्र प्रतापपुर में वन विभाग की जमीन पर अवैध तरीके से पेड़ों को काटने का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि 50 एकड से भी ज्यादा पेड़ों को काटकर जमीन पर अवैध कबजा कर लिए गए . जबकि वन विभाग इस मामले में पूरी तरह से लापरवाह बना रहा.वन परीक्षेत्र प्रतापपुर में वन विभाग की एक बड़ी नाकामी सामने आई है. जहां वन विभाग की नाकामी की वजह से 50 एकड से ज्यादा पेड़ों की कटाई कर वन भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है. इतना ही नहीं इस जमीन पर एक दो घरों का निर्माण भी कर लिया गया है. जिसमें वन विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है. वही पेड़ों की अवैध कटाई के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी अब मामले में कार्रवाई की बात कहते हुए नजर आ रहे हैं.दरअसल, ये पूरा मामला वन परीक्षेत्र प्रतापपुर के सिलफिली और करसी गांव से लगे हुए जंगल का है, जहां पर वन विभाग की नाकामी की वजह से सिलफिली करसी में वन अधिकार पत्र के लालच में सिलफिली गांव की सीमा से लगे जंगल में हरे भरे पेड़ों को काटकर जंगल की 50 एकड़ से ज्यादा की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया कुछ लोग तो सालों पहले से जंगल की जमीन पर काबिज है तो कुछ हाल फिलहाल में जंगलों की कटाई कर यहां बसे हैं. ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि वन विभाग इतने सालों से क्या कर रहा था.ग्रामीणों ने बताया कि दूसरे गांव के लोग आकर हमारे गांव से लगे हुए जंगल को काटकर फारेस्ट की जमीन पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर रहे हैं और फारेस्ट विभाग द्वारा लगाए गए प्लान्टेसशन को भी नस्ट कर दिया गया है. जिससे शासन को लाखों रुपए का नुकसान भी हुआ है, इसके साथ ही फारेस्ट द्वारा किये गए फेन्सिंग के पोल उखाड़कर नाले में फेंक दिए गए हैं. जिसके विरोध में गांव के ग्रामीण लामबंद होकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. लेकिन इस मामले में वन विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है.वहीं जंगलों की कटाई के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री संजीव श्रीवास्तव व स्थानीय जनपद सदस्य सुनील पैकरा भी मौके पर पहूचे उन्होंने मौके का मुआयना करके मामले में वन विभाग को दोषी ठहराते हुए कहा है जंगल की जमीन पर लंबे समय से अतिक्रमण का खेल चल रहा है. जिसके कारण ग्रामीणों को जंगल और जमीन की रखवाली करनी पड़ रही है, जिससे यह साबित होता है कि विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर पा रहा है. जबकि मामले में ग्रामीणों के द्वारा कई बार शिकायत वन विभाग को दिए गए उसके बाद भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नही हो रही है, सवाल यही है कि जिनको जंगल की निगरानी करने के लिए सरकार हर महीने सैलरी दे रही उनकी नकामी की वजह से अब उनके काम को ग्रामीणों को क्यों करना पड़ रहा है और अगर समय रहते विभाग अवैध कटाई पर रोक लगा पाता तो आज शायद सैकड़ो पेड़ों की कटाई नहीं होती. वहीं जिले में यह मामला अब तूल पकड़ लिया है



## कार पर फेंका पेट्रोल बम, वाहन जलकर खाक,सीसीटीवी कैमरे में घटना हुई कैदङ्ग. पुलिस ने किया अपराध दर्ज

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सूरजपुर / जयनगर. भू-बिचौलियों द्वारा बीती रात एक व्यक्ति की बाड़ी में तोडफोड़ कर पेट्रोल बम से हमला कर उसकी कार को आग के हवाले कर दिया गया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि भू-बिचौलियों द्वारा पीड़ित की जमीन को लेकर विवाद किया जा रहा है। इस घटना के 2 दिन पूर्व ही आरोपियों ने पीड़ित के बेटे के साथ भी मारपीट की थी।सूरजपुर जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशपुर (सिलफिली) में एनएच 43 किनारे निवासरत रानू मृधा पति निरापद मृधा के घर के पिछले हिस्से में लगाए गए जाली के नेट को गांव के ही राजू पोद्दार पिता स्व. माखन पोद्दार द्वारा साथी ग्राम पंचायत करवां निवासी लतीफ अंसारी व अन्य के साथ मिलकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया।इसके पश्चात रात करीब साढ़े 3 बजे आरोपियों द्वारा बाजू में स्थित नमिता सरकार के बिल्डिंग से प्रार्थिया के घर के पीछे पेट्रोल बम फेंक दिया गया, जिससे प्रार्थिया की कार वाहन क्रमांक सीजी 29 ए 2756 का पिछला हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आरोपियों की पूरी घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी भू-बिचौलिया राजू पोद्दार द्वारा जमीन विवाद की वजह से उक्त घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़ितों का कहना है उक्त भूमि पर उनका परिवार करीब 40 वर्षों से काबिज है और बहू स्वामी राजू पोद्दार द्वारा वर्ष 2021 में उक्त भूमि की बिक्री हेतु रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी किया गया है।एग्रीमेंट के दौरान 12 लाख रुपए में भूमि खरीदी हेतु सौदा तय हुआ था लेकिन अब आरोपी राजू पोद्दार द्वारा 22 लाख रुपए की मांग की जा रही है। बेटे के साथ भी की थी मारपीट झ बताया जा रहा है कि इसके पूर्व भी आरोपी राजू पोद्दार व उसकी पत्नी गौरी पोद्दार द्वारा 3 दिन पूर्व 27 मार्च को भी जमीन विवाद की रंजिश पर प्रार्थिया के पुत्र पीयूष गारमेंट्स के संचालक रजत मृधा पिता निरापद मृधा के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिया गया था, जिसमें भी पुलिस द्वारा आरोपी दंपत्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।आगजनी व तोडफोड़ के मामले में पुलिस ने आज प्रार्थिया रानू मृधा की रिपोर्ट पर आरोपी राजू पोद्दार, लतीफ अंसारी व अन्य क खिलाफ धारा 294, 506, 427, 452, 435, 34 के तहत जुर्मदर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।







Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256